नवभारत
भोपाल, रविवार 19 जुलाई, 2026

किसानों के हक में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

खास बातें

- किसान कांग्रेस ने तीन मुखी पुतला दहन कर किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा
- खाद, मूंग खरीदी और फसलों के उचित मूल्य की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा 18 जुलाई, मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस, जिला विदिशा के नेतृत्व में शनिवार को माधवगंज चौराहे पर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया. किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए.

प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तीन मुखी पुतले का दहन किया गया.किसान कांग्रेस के अनुसार कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी. प्रदर्शन स्थल पर भारी पुलिस बल, दो फायर ब्रिगेड वाहन तथा बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए थे. इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया.

सभा को महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुजीत देवलिया, राजकुमार पासी, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, जिला प्रवक्ता अरुण अवस्थी, पर्वत गौड़, सुमित पाल एवं आकाश मीणा ने संबोधित किया.जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी ने कहा कि किसान खाद की कमी, मूंग खरीदी और फसलों के उचित मूल्य जैसी समस्याओं से परेशान हैं. उन्होंने सरकार से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा. कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष सचिन ठाकुर ने आभार व्यक्त किया.

नटेरन में किसान कांग्रेस ने टोकन व्यवस्था और मूंग खरीदी को लेकर सौंपा ज्ञापन

किसान कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को खाद की ई-टोकन व्यवस्था और मूंग खरीदी शुरू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता तहसील कार्यालय के सामने एकत्र होकर केंद्रीय कृषि मंत्री, प्रदेश के कृषि मंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष का पुतला दहन करने पहुंचे, लेकिन आग लगाने से पहले ही पुलिस ने पुतला छीन लिया. इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई.इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में खाद की ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा मूंग की खरीदी शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई. प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, विधानसभा प्रभारी रामसेवक रघुवंशी, अनुज यादव, शरद शर्मा, विनोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

ग्यारसपुर में मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी की मांग को लेकर किसान कांग्रेस का प्रदर्शन

मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने तथा ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर शनिवार को ग्यारसपुर बस स्टैंड पर किसान कांग्रेस के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की .प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ई-टोकन व्यवस्था को तत्काल समाप्त किया जाए . मूंग की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित की जाए . किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर किया जाए.विरोध प्रदर्शन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री इंदल सिंह कंसाना के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर सरकार के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया .प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में जिला सदस्य दीक्षा लोधी, प्रदेश किसान कांग्रेस की महामंत्री नीलम रघुवंशी, महेंद्र रघुवंशी, लीलाधर कुशवाहा . अनीश खान . बबलू रघुवंशी, दीपेश दांगी, हरेंद्र यादव,सूरज लोधी, पंथी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

सिरोंज में ई-टोकन व्यवस्था और मूंग खरीदी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

सिरोंज में ई-टोकन व्यवस्था और समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद नहीं होने के विरोध में शनिवार को ब्लॉक किसान कांग्रेस ने छत्री नाका पर प्रदर्शन किया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश के कृषि मंत्री के पुतले दहन का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने पहले ही पुतले जब्त कर लिए. इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान भी हुई.प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि ई-टोकन व्यवस्था के कारण किसान परेशान हो रहे हैं और मूंग खरीदी में अव्यवस्था से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है. कार्यकर्ताओं ने ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा पात्र किसानों की मूंग की शत-प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा.प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीलेश शर्मा, गगनेंद्र रघुवंशी, रामदयाल विश्वकर्मा, इरशाद गौरी, अंकित भार्गव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

पठारी में किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाल बामोरा चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया . इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन करने का प्रयास किया . हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने पुतला छीन लिया .प्रदर्शन के दौरान किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने . ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा किसानों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई . कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और किसानों के हित में ठोस निर्णय लेने की मांग की .प्रदर्शन में गजेंद्र सिंह . विजय सिंह . लाखन सिंह . अरविंद सिंह . अजय सिंह . शुभम . लोकेंद्र . भानु सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया . प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पठारी तहसीलदार प्रेमलता पाल एवं थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे . पुलिस की मौजूदगी में प्रदर्शन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ . किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा .

ट्रैक्टर से कुचलकर 60 वर्षीय किसान की हत्या

- खेत की मेड़ के विवाद ने लिया खूनी मोड़
- सोराई गांव की घटना, बेटे ने भी ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

विदिशा 18 जुलाई, शहर के नजदीकी गांव सौराई में जमीनी विवाद में हुये खूनी संघर्ष में एक 60 साल के बुजुर्ग की ट्रेक्टर से रौंद कर बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है.चौकाने वाली बात यह है कि फरियादी पक्ष विवाद के बाद पुलिस में शिकायत करने आया था जिसके बाद इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया.पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 60 वर्षीय किसान मालम सिंह राजपूत का गांव के ही रहने वाले संजू राजपूत और प्रेमसिंह राजपूत से खेत में पाइप डालने को लेकर विवाद हुआ था यह विवाद शुक्रवार की शाम को होना बताया जा रहा है. इसके बाद मामला शांत हो गया था.

शनिवार सुबह उनके पिता मालम सिंह खेत पर मोटर चालू करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की . इसकी शिकायत थाने में भी की गई थी.मृतक के बेटे राजेंद्र का आरोप है कि बाद में जब उनके पिता खेत में पानी देने पहुंचे तो प्रेम सिंह ने ट्रैक्टर चढ़ाकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. परिजन तत्काल उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. राजेंद्र ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उस पर भी ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया . लेकिन वह दौड़कर एक ओर कूद गया और अपनी जान बचा ली.मृतक के दूसरे बेटे जितेंद्र राजपूत ने बताया कि घटना के समय परिवार के लोग खेत पर मौजूद थे.उनका आरोप है कि संजू ने मालम सिंह को पकड़ रखा था और उसी दौरान प्रेम सिंह ने ट्रैक्टर उनके ऊपर चढ़ा दिया . कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि सोराई गांव में मालम सिंह राजपूत की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची . प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संजू राजपूत और प्रेम सिंह राजपूत पर ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है . पुलिस ने संजू राजपूत और प्रेमसिंह राजपूत के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

फरार चार आरोपियों पर पुलिस का इनाम घोषित

नवभारत न्यूज

विदिशा. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना गुलाबगंज के अपराध क्रमांक 125/2026 के चार फरार आरोपियों बृजेन्द्र अहिरवार, अनिकेत यादव, सुनील चिड़ार और हसीन की सूचना देने वाले को प्रत्येक आरोपी पर 1-1 हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की है. सूचनाकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी.

प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आज

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को नौलखी मंदिर, बेटवा घाट रोड स्थित वाकड़े हनुमान मंदिर के सामने आयोजित होगी. बैठक विधायक हरी सिंह रघुवंशी के आतिथ्य में संपन्न होगी. इसमें पेंशनर्स की समस्याओं, लंबित महंगाई भत्ते, एक वेतन वृद्धि के लाभ और सहायता कोष गठन पर चर्चा कर रणनीति बनाई जाएगी. जुलाई माह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान एवं जन्मदिन भी मनाया जाएगा. संगठन के प्रांत अध्यक्ष सुधीर दुबे ने सभी पेंशनर्स से बैठक में उपस्थित होकर अपने अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है.

जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव . अध्यक्ष और सचिव पद पर सीधा मुकाबला

नवभारत न्यूज

विदिशा. जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. अध्यक्ष पद के लिए चंद्रकांत जैन और कैलाश चंद्र जैन, जबकि सचिव पद के लिए संजय सिकरवार एवं नवल किशोर शास्त्री ने नामांकन दाखिल किया. चुनाव अधिकारी प्रकाश चंद्र भंडारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही. 20 जुलाई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. अंतिम दिन बड़ी संख्या में दवा विक्रेता संघ कार्यालय पहुंचे और निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक चुनाव कराने की प्रतिबद्धता जताई.

तांबा और पीतल पर चढ़ाई चांदी की परत

- कारोबारी चढ़ा सर्राफा व्यापारियों के हत्थे

नवभारत न्यूज

विदिशा, पीतल और तांबे की धातुओं पर चांदी की परत चढ़ा कर सर्राफा व्यापारियों को चपत लगाने की कोशिश करने वाले एक व्यापारी को विदिशा के सर्राफा एसोसियेशन ने पकड़ा है. जिसके पास से बड़े पैमाने पर नकली चांदी भी बरामद की गयी है. मामले की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्रित हो गये और नकली चांदी ठिकाने लगाने वाले युवक से पूछताछ की जा रही है.

एक सर्राफा व्यापारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर यह पूरा मामला वायरल किया था जिस व्यापारी ने पोस्ट डाली थी उसके मुताबिक जिस युवक को पकड़ा था.उसके पास से 8 किलो चांदी बरामद की गयी थी और वह उप्र के मथुरा के आसपास का रहने वाला बताया जा रहा है.वहीं सोशल मीडिया पर शेयर की गयी पोस्ट के मुताबिक संबंधित युवक भोपाल व अन्य शहरों में नकली चांदी बेंचता था. बताया गया कि उसने अब तक कई लोगों को चांदी बेंची है व्यापारी के मुताबिक जिसके पास से चांदी बरामद की गयी थी. उसे भोपाल के व्यापारियों को सुपुर्द किया गया है. बाद में पोस्ट शेयर करने वाले सर्राफा व्यापारी ने सोशल मीडिया से अपनी डाली गयी पोस्ट और वीडियो फोटो भी हटा दिये हैं जिसके चलते मामला संदिग्ध बन गया है.

व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का टेंट हाउस एसोसिएशन ने किया सम्मान

प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन बोले— व्यापारियों की एकजुटता से हर चुनौती का होगा समाधान

नवभारत न्यूज

विदिशा. विदिशा टेंट हाउस एसोसिएशन की सामान्य सभा एवं स्वागत-सम्मान समारोह शनिवार को सम्राट गार्डन में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विदिशा व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों तथा पूर्व अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. समारोह में जिलेभर से बड़ी संख्या में टेंट व्यवसायियों ने भाग लिया.

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मध्यप्रदेश टेंट हाउस संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन गट्टू ने कहा कि व्यापारियों की सबसे बड़ी शक्ति उनकी एकजुटता है. उन्होंने कहा कि संगठित व्यापारी समाज ही अपनी समस्याओं का प्रभावी समाधान निकाल सकता है और अपने अधिकारों की मजबूती से रक्षा कर सकता है. उन्होंने सभी व्यापारियों से संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ने और व्यापारिक हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया.

टेंट हाउस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पीतलिया ने कहा कि संगठन की मजबूती सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है. उन्होंने सदस्यता अभियान को गति देने, संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील की.इस अवसर पर टेंट हाउस एसोसिएशन के वीर सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र यादव, गगन जैन, दीपक रघुवंशी, पंकज रघुवंशी, विनोद दिवाकर, पुनीत महेश्वरी, सूर्य प्रकाश माहेश्वरी, संजय चौरसिया, प्रताप लोधी, नीरज जाट, अर्पित बजाज, छोटेलाल नरवरिया, प्रशांत चौरसिया, प्रकाश महाराज, तरुण सेन सहित कार्यकारिणी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में टेंट व्यवसायी उपस्थित रहे.

प्रांतीय महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्ष संघ का गठन-राहुल अध्यक्ष, ज्योति बनीं सह सचिव

- पुस्तकालयाध्यक्षों के हित संरक्षण और पुस्तकालयों के विकास के लिए होगा काम

नवभारत न्यूज

विदिशा. उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत पुस्तकालयाध्यक्षों के हितों के संरक्षण, व्यावसायिक गरिमा के संवर्धन एवं महाविद्यालयीन पुस्तकालयों के विकास के उद्देश्य से प्रांतीय महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्ष संघ का गठन किया गया है.

संघ का उद्देश्य प्रदेश के सभी महाविद्यालयीन पुस्तकालयाध्यक्षों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना, उनके सेवा एवं व्यावसायिक हितों की रक्षा करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पुस्तकालयों को ज्ञान, अनुसंधान और डिजिटल संसाधनों के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करना है. संगठन प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा तथा उच्च शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पुस्तकालयों के विकास से जुड़े विषयों पर सुझाव भी देगा.संघ को गैर-राजनीतिक, गैर-लाभकारी एवं गैर-व्यावसायिक संगठन के रूप में स्थापित किया गया है. नई कार्यकारिणी में राहुल चतुर्वेदी को अध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार आठिया, डॉ. दीपक कुमार नामदेव, रमाकांत आठिया एवं डॉ. दीपक मीणा को उपाध्यक्ष, रामकिशोर सिंह को सचिव, डॉ. ज्योति जादौन को सह-सचिव तथा डॉ. गुलाब देवी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. इसके अलावा डॉ. शशिकांत खरे, डॉ. मनोहर सिंह दांगी, डॉ. पवन सिरोजिया, डॉ. ममता मलिक, संतोष कुमार कोरी, मोहन सिंह चढ़ार, अपर्णा चौबे, देव प्रजापति एवं अनुभव श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों को कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से शामिल किया गया.

1.31 लाख रुपये का मशरूका बरामद, आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया

नवभारत न्यूज

विदिशा. अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 पेटी अवैध शराब और एक स्कूटी जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. बरामद मशरूका की कुल कीमत 1 लाख 31 हजार रुपये बताई गई है.पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुरनपुरा वन विभाग आवास के पीछे मैदान में स्कूटी से अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़ा है. सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी भीम सिंह दांगी (35) निवासी कपूर गार्डन के पीछे, विदिशा को पकड़ लिया. तलाशी में स्कूटी से 310 क्वार्टर शराब (6 पेटी) बरामद हुई.पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया. कार्रवाई थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक कमलेश कुमार, शिवभान भदौरिया, राजकुमार सिंह एवं आरक्षक दिलीप ने की.